राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

द्वितीय तल, राजीव गान्धी विद्या भवन, डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302017

दूरभाष: 0141–2715516, 2715525, 2715548 E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com

क्रमांकः रास्कूशिप/जय/व्या.शि./Assessment/2020–21/ 14986

दिनांकः 22/09/2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिलें।

परीक्षा–अत्यावश्यक

विषय :– व्यावसायिक शिक्षा विषय की पूरक प्रायोगिक परीक्षा–2020 के आयोजन के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पूर्व में आयोजित मुख्य प्रयोगिक परीक्षा में अनुतीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थियों की पूरक प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा करवाया जाना है, इस हेतु बोर्ड कार्यालय से व्यावसायिक शिक्षा विषय की पूरक प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की लेवल/कक्षावार एवं व्यवसायवार सूचना उपलब्ध करवाई गयी थी।

व्यवसायवार सम्बन्धित सेक्टर स्किल काउंसिल से प्राप्त पूरक परीक्षा कार्यक्रम संलग्न करके भिजवाया जा रहा है। इस हेतु अधीनस्थ विद्यालयों के संस्थाप्रधानों को संलग्न शीट में नियुक्त असेसर से समन्वय स्थापित कर निर्धारित तिथि के अनुसार पूरक प्रायोगिक परीक्षा–2020 सम्पादित करवाये जाने हेतु निम्नानुसार निर्देशों की पालना सुनिश्चित करायें:–

1. ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा वाले व्यवसायों के लिए परिषद कार्यालय के पत्र क्रमांक 14875 दिनांक 17.09.2020 में एसएससी द्वारा सम्बन्धित ट्रेडों के लिए चाही गई उपकरण/सुविधा उपलब्ध कराया जाना है।
2. ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा वाले व्यवसायों के लिए कोविड–19 के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार आवश्यक सुरक्षा उपाय परीक्षा केन्द्र पर सुनिश्चित करना होगा।
3. संलग्न सूची के अतिरिक्त यदि कोई अन्य विद्यार्थी भी प्रायोगिक परीक्षा में पूरक है, तो उसकी प्रायोगिक परीक्षा भी इन्ही विद्यार्थियों के साथ सम्पन्न करायी जानी है।
4. परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थी अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिये कोई भी फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लावें। निर्धारित तिथि पर परीक्षा हेतु उपस्थित नहीं होने पर परीक्षार्थी को अनुपस्थित मानकर परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

पूरक प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है–

क्र.सं.	व्यवसाय	दिनांक	ऑफलाईन/ऑनलाईन
1	अपेरल मेड अप एण्ड होम फर्निशिंग	28.09.2020 से 29.09.2020	ऑनलाईन
2	ऑटोमोबाइल	21.09.2020 से 24.09.2020	ऑफलाईन
3	इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड हार्डवेयर	21.09.2020 से 23.09.2020	ऑनलाईन
4	हेल्थकेयर	21.09.2020 से 23.09.2020	ऑफलाईन
5	ट्रेवल एण्ड टयूरिज्म	24.09.2020 से 25.09.2020	ऑनलाईन
6	आई.टी./आई.टीज्	24.09.2020 से 25.09.2020	ऑनलाईन
7	रिटेल	25.09.2020	ऑनलाईन
8	ब्यूटी एण्ड वेलनेस	25.09.2020 से 30.09.2020	ऑनलाईन

क्रम संख्या 1 से 6 तक का परीक्षा कार्यक्रम पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है, शेष व्यवसाय का परीक्षा कार्यक्रम सम्बन्धित सेक्टर स्किल काउसिंल से प्राप्त होते ही प्रेषित कर दिया जायेगा।

किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सर्म्पक करे :–0141–2715548 E-mail --mis.nsqf.raj@gmail.com

संलग्न :–ट्रेडवार एवं विद्यार्थीवार विस्तृत पूरक प्रायोगिक परीक्षा–2020 कार्यक्रम।

(वाज़िबी सागर)
उपायुक्त

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

01. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, रास्कूशिप, जयपुर।
02. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–द्वितीय, रास्कूशिप, जयपुर।
03. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर।
04. संयुक्त निदेशक, रास्कूशिप, जयपुर।
05. प्रतिनिधि, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, नई दिल्ली।
06. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा कार्यालय, समस्त जिलों को भेजकर लेख है कि परिषद कार्यालय के पत्र क्रमांक 14414 दिनांक 02.09.2020 के अनुसार अधीनस्थ विद्यालयों के संस्थाप्रधानों से उक्तानुसार पत्र की पालना सुनिश्चित करायें।
07. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त

www.rajteachers.com